Title: Need to provide central assitance for providing potable water to the people of Patna.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार के माननीय जल संसाधन मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं। मैं पटना संसदीय क्षेत्र से चुन कर आता हूं, जहां लगभग 20 लाख की आबादी हो गई है। वहां सबसे अधिक किल्लत पानी की है। जो वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर है, उसके आधार पर लोगों को सरकार पानी मुहैया नहीं करा पा रही है और जो पानी आता भी है, तो वह गंदगी से भरा सप्लाई हो रहा है। बड़े पैमाने पर लोग जांडिस का शिकार हो रहे हैं। शहर का विस्तार हो रहा है, मगर राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से पानी की सुविधा पूरी तरह से दूर नहीं हो पा रही है। वहां जो पुरानी पाइप लाइनें हैं, वे गल गई हैं।

MR. CHAIRMAN: Mr. Ram Kripal Yadav, please conclude. The budget for the State of Bihar will be discussed in the House, and you can mention all these issues at that time also.

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, मैं उस समय विस्तार से बोलूंगा और अभी मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। महत्वपूर्ण बात यह है कि वहां कम से कम पानी की बेसिक सुविधा तो लोगों को प्राप्त होनी चाहिए। पानी के बिना कोई नहीं रह सकता है। वहां केंद्रीय सरकार के माध्यम से सैंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने पानी की किल्लत को देखते हुए कुछ जगहों पर ट्यूबवैल्स की व्यवस्था की थी। करीब 18 जगहों पर ट्यूबवैल्स का छिद्रण किया गया था। सिर्फ चार-पांच जगहों पर ही ट्यूब वैल्स चालू किया गया है और दूसरी जगहों पर जहां तत्कालीन सरकार ने व्यवस्था की थी, वहां अभी तक ट्यूबवैल्स की कोई सुविधा नहीं है। केवल छिद्रण करके छोड़ दिया गया है जिसके कारण पानी प्राप्त करने में बहुत असुविधा हो रही है। मैं निवेदन करूंगा कि पटना शहर के आम नागरिकों को पानी मुहैया कराने के लिए जो बचे हुए छिद्रण हैं, उनमें ट्यूबवैल्स लगाने का कार्य जल्दी शुरू किया जाए। वहां पाइप लाइन का विस्तार करने के लिए केंद्र सरकार यथाशीघ्र राशि मुहैया कराए और सैंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड, जिसके माध्यम से यह कार्यवाही की गई थी वह अपने कार्यों को पूरा कराए ताकि लोगों को पानी की सुविधा मिल सके। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करूंगा अन्यथा वहां बहुत बुरी स्थिति है। आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। इसी तरह से आप हमें बोलने का मौका देते रहिए।